(c) Creation of 'Focus Action Group' on Private Investment Promotion is in the nature of internal administrative arrangement, which is considered useful in giving focussed attention and coordinated review and follow-up. Therefore, this Group is not required to submit any report.

ग्रामीण विकास हेतु उपग्रह फोन

2064. **श्री बरजिन्दर सिंह:**
श्री कपिल सिब्बल:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ग्रामीण अंचलों के विकास के लिए संचार प्रणाली में व्यापक सुधार लाने हेतु उपग्रह फोन स्थापित करने की योजना को कार्यान्वित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो योजना की विस्तृत रूपरेखा क्या है; और

(ग) उक्त योजना के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कवीन्द्र पुरकायस्थ): (क) जी हां, दूरस्थ और अगम्य क्षेत्रों के लिए।

(ख) और (ग) मुख्यत: जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तर-प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों, असम तथा पूर्वोत्तर आदि जैसे दूरस्थ तथा अगम्य क्षेत्रों में उपग्रह फोन संस्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1999-2000, के दौरान 500 से 1000 तक उपग्रह फोन प्रदान किए जाने की संभावना है।

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड की सलाहकार समिति की बैठक

2065. **श्री रामजीलाल:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 17 अक्तूबर, 1998 के राष्ट्रीय सहारा में "एम. टी. एन. एल. के सी. जी.एम. का घेराव" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उसके क्या कारण हैं;

(ग) गत दस महीनों के दौरान महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड की सलाहकार समिति की कितनी बैठकें हुई हैं और नियमानुसार कम से कम कितने अंतराल में बैठकें बुलाया जाना आवश्यक है;

(घ) क्या सदस्यों ने महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को जवाबदेह बनाने और वाणिज्यिक समस्याओं का समाधान एक सप्ताह में किए जाने की मांग भी की है; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कवीन्द्र पुरकायस्थ): (क) जी हां।

(ख) यह कोई घेराव नहीं था। एम॰ टी॰ एन॰ एल॰ दिल्ली की टेलीफोन सलाहकार समिति के चार-पांच सदस्य एक साथ मुख्य महाप्रबंधक नई दिल्ली से सामान्य मुलाकात के समय मिले और उन्होंने उनसे टीएसी की बैठक शीघ्र आयोजित करने का अनुरोध किया था।

(ग) नियमानुसार, टीएसी की बैठक सामान्तया तीन माह के अन्तराल में होनी चाहिए। तथापि संसद सत्र के दौरान कोई बैठक आयोजित नहीं की जाती है। मुंबई टीएसी की एक बैठक हुई थी। परन्तु एम॰टी॰एन॰एल॰, नई दिल्ली में टीएसी की कोई बैठक आयोजित नहीं की जा सकी।

(घ) और (ङ) जी नहीं। तथापि जब टीएसी की कोई बैठक न हो तब भी उसके सदस्यों द्वारा उठाए गए वाणिज्यिक या अन्य किसी मुद्दे पर विचार किया जाता है तथा विभागीय नियमों तथा मानदण्डों के अनुरूप उनका निपटान किया जाता है।

सिक्कों से चलने वाले सार्वजनिक टेलीफोन

2066. **प्रो॰ रामगोपाल यादव:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सिक्कों से चलने वाली सार्वजनिक टेलीफोन व्यवस्था कब से आरंभ हुई और इसके प्रारंभ से महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड द्वारा माह-वार कितनी धनराशि अर्जित की गई;

(ख) क्या यह सच है कि एम॰टी॰एन॰एल॰ को इस व्यवस्था के कारण प्रति माह करोड़ों रुपए का घाटा हो रहा है;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और सरकार ने इस संबंध में कोई जांच कराई है अथवा कराने का विचार रखती है; और

(घ) एमटीएनएल को इस व्यवस्था के कारण हर माह हो रहे घाटे से बचने के उद्देश्य से इस व्यवस्था को बंद करने के लिए सरकार क्या निर्णय लेने का विचार रखती है?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ): (क) महानगर टेलीफोन लि. के गठन के पूर्व दिनांक 1.4.1986 से क्वाइन कलेक्टिंग बाक्स (सीसीबी) प्रकार के लैकल पीसीओ प्रचलन में हैं। अर्जित धनराशि के बारे में सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ख) अनअटेन्डेड किस्म के सीसीबी पीसीओ की मीटर रीडिंग तथा उसमें इकट्ठा किये गये सिक्कों की राशि में अन्तर पाया गया है।

(ग) अन्तर के मुख्य कारण ये हैं:—(i) भुगतान उपरान्त टाइप रूपांकन होते हुए भी काल करने वाली पार्टी काल्ड पार्टी का उत्तर प्राप्त करने के पश्चात् सिक्का नहीं डालती (ii) नकली सिक्के।

(घ) चूंकि यह प्रणाली बड़ी संख्या में सामान्य जनता को टेलीफोन सुविधा प्रदान करती है, इसलिए इसे समाप्त करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि सीसीबी पीसीओ का पूर्व-भुगतान टाइप का परिशोधित रूप विकसित कर लिया गया है जिसे नेटवर्क के क्रमिक रूप से शुरू किया जा रहा है।

Insufficient Gum on the sealing edge of Inland Letters

2067. SHRIMATI JAYAPRADA NAHATA: Will the MINISTER OF COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether envelopes and inland letters do not have enough gum on the sealing edge for proper pasting; and

(b) the action proposed to attend to such customer needs?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI KABINDRA PURKAYASTHA): (a) and (b) Supply of stationery being an ongoing process, inadequacies of gumming pointed out either by the customers or noticed otherwise, are taken up with Government of India Security Printing Presses for necessary rectification to achieve acceptable standards for customers satisfaction. To ensure public satisfaction the Department has laid down standard for gumming and internal quality control checks for these printing presses.

Telephone connections in Assam

2068. SHRIMATI BASANTI SARMA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the number of telephone connections provided in Assam during 1994-95, 1995-96, 1996-97 and 1997-98 so far, District-wise;

(b) the number of applications in the waiting list in North-Eastern region, particularly in Assam till October, 1998 district-wise and exchange-wise; and

(c) the time by which the above waiting list likely to be cleared and the details of steps being taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI KABINDRA PURKAYASTHA): (a) the number of telephone connections provided in Assam during 1994-95, 1995-96, 1996-97 and 1997-98 so far, district-wise is closed as Statement *(See below)*

(b) the number of applications in the waiting list District-wise and exchange-wise till Oct, 1998 for Assam Telecom Circle and that for North East Telecom Circle is given in Annexure. [*See* Appendix 185, Annexure No. 52]

(c) Assam Circle has planned to clear the waiting list of 3937 as on 31.10.1998 by the end of financial year 1998-99.

Out of the waiting list of 20028 as on 31.10.1998 North East Circle has planned to clear about 19000 during the current financial year and the remaining in the next financial year.